संख्या- 16/2016/एस-3-161/दस-2016-100(10)/2009

प्रेषक,

कामिनी चौहान रतन,

सचिव,

उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

निदेशक,

कोषागार,उ0प्र0,

जवाहर भवन,लखनऊ।

वित्त (सेवायें) अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 31 मार्च, 2016

विषय:-मिशन मोड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत डाटा सेन्टर तथा डी0आर0 सेन्टर में मैनपावर रखे जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2885/कम्प्यू0/150/मिशन मोड प्रोजक्ट-iii (2)/को0 नि0/2015, दिनांक 19 नवम्बर, 2015 तथा पत्र संख्या-4284/कम्प्यू0/150/मिशन मोड प्रोजक्ट-iii(2)/को0नि0/2015, दिनांक29-03-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मिशन मोड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत डी0पी0आर0 में डाटा सेन्टर व डाटा रिकवरी संचालन हेतु मैनपावर की व्यवस्था किये जाने के प्रयोजनार्थ निक्सी द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रोफार्मा इनवायस के आधार पर विभिन्न पदनाम के कुल 17 मैनपावर रखे जाने व इसमें अन्तर्ग्रस्त व्यय के अग्रिम भुगतान की स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में नितान्त अस्थायी काम चलाऊ व्यवस्था के अन्तर्गत डाटा सेन्टर तथा डाटा रिकवरी सेन्टर के संचालन हेतु निक्सी द्वारा प्रस्तुत प्रोफार्मा इनवाइस क्रमश: संख्या- पीएमपीयू0पी0 153448 दिनांक 13-11-2015 एवं पीआरएलयू0पी0 150487 दिनांक 13-11-2015 के आधार पर निम्न विवरण के अनुसार 17 मैनपावर रखे जाने तथा इस पर होने वाले कुल वार्षिक व्यय भार को वहन करने हेतु वर्तमान

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

वित्तीय वर्ष 2015-16 में रू0 80,20,338/-(रू0 अस्सी लाख बीस हजार तीन सौ अड़तीस मात्र)को अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं :-

क्र0	पद का विवरण	पदों की संख्या	प्रति मैनपावर दर	प्रति माह व्यय (रूपये में)	प्रति वर्ष व्यय (रूपये में)
1	नेटवर्क मैनेजर	01	51,681.00	51,681.00	6,20,172.00
2	सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर	01	58,797.00	58,797.00	7,05,564.00
3	सॉफ्टवेयर डेवलपर/डी0बी0ए0	03	84,359.00	2,53,077.00	30,36,924.00
4	प्रोग्रामर	02	25,393.00	50,786.00	6,09,432.00
5	जूनियर प्रोग्रामर	04	19,622.00	78,488.00	9,41,856.00
6	आफिस एसिस्टेन्ट/ टेक्निकल एसिस्टेन्ट	03	16,899.00	50,697.00	6,08,364.00
7	डाटा मैनेजमेंट एसिस्टेन्ट	03	14,252.00	42,756.00	5,13,072.00
	योग रू0				**70,35,384.00**
	सर्विस टैक्स 14.00प्रतिशत रू0				**9,84,954.00**
	कुल योग रू0				**80,20,338.00**

3- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय व्ययक के अनुदान संख्या-63 के अन्तर्गत "लेखाशीर्षक-2054-खजाना तथा लेखा प्रशासन-097-खजाना स्थापना-03-मुख्य-04-कोषागारों का कम्प्यूटरीकरण -16- व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त(लेखा)अनुभाग -1 की सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(कामिनी चौहान रतन)
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 16/2016 /एस-3-161(1)/दस-2016-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद, महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ
3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
4- वित्त (लेखा) अनुभाग-1
5- अनुभागीय गार्ड बुक ।

आज्ञा से,

(कामिनी चौहान रतन)
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।